

हिंदुस्तान पावर परिसर में हुआ आयोजन

विश्वकर्मा जयंती पर हुई मशीनों की पूजा

जैतहरी, एमपीजेएस न्यूज

हिंदुस्तान पावर ताप विद्युत परिसर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। हिंदू परंपरा में आदि शिल्पी, वास्तुकार और सर्वोच्च अभियंता माने जाने वाले विश्वकर्मा की पूजा का आयोजन परिसर के कई स्थलों पर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्य स्थलों की विशेष साफ-सफाई कर पूजा का परिवेश तैयार किया गया। हिंदुस्तान पावर और इसकी विभिन्न सहयोगी एजेंसियों ने पूजा का बढ़-चढ़कर आयोजन किया। कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी), ऐश हैंडलिंग प्लांट (एएचपी), टरबाइन फ्लोर आदि स्थलों पर हुई पूजा में कंपनी और सहयोगी एजेंसियों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने पूरी आस्था के साथ हिस्सा लिया।

सुरक्षित परिचालन का आशीर्वाद

पूजा और प्रसाद वितरण कार्यक्रमों में परियोजना कर्मियों ने उत्साहित भागीदारी जताई। इस मौके पर सभी ने परियोजना के निर्बाध और सुरक्षित परिचालन के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद लिया।

अधिकारियों ने जताई भागीदारी

[illegible]

पूजा समारोह में भागीदारी जताई। परिसर में विविध औद्योगिक सेवाओं से जुड़ी अनुबंधित एजेंसियों [illegible] के कार्यस्थलों व कार्यालयों में भी विश्वकर्मा पूजा आयोजित की गई। इस मौके पर मशीनों, कलपुर्जों, वाहनों आदि की [illegible] के साथ विधिवत पूजा की गई।